प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 08.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के आज 10 साल पूरे–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में योजना के लाभार्थियों से संवाद करेंगे।
- राष्ट्रीय पोषण पखवाडे की आज से शुरूआत–विभिन्न गतिविधियों के जरिये बच्चों और महिलाओं को पोषण के प्रति जागरुक किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज हनुमानगढ के दौरे पर–बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के साथ ही किसानों और व्यापारियों के साथ संवाद करेंगे।
- प्रदेश में तेज गर्मी का असर जारी–बाडमेर और जैसलमेर में दूसरे दिन भी पारा 45 डिग्री के पार।

000000

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के आज 10 साल पूरे हो रहे है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में योजना के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत अब तक 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक के 52 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस योजना को गैर–कॉर्पोरेट, गैर–कृषि, लघु और सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के ऋण प्रदान करने के लिए शुरू किया था। इसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को सुविधाजनक बनाना और उद्यमियों को सशक्त बनाना है।

00000

राष्ट्रीय पोषण पखवाडा आज से शुरू हो रहा है। कुपोषण को दूर करने के उद्देश्य से महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से मनाए जाने वाले इस पखवाडे का यह सातवां संस्करण है। 22 अप्रेल तक चलने वाले इस अभियान के दौरान बच्चों और महिलाओं को पोषण के प्रति जागरुक किया जाएगा। समेकित बाल विकास सेवाएं विभाग के निदेशक ओ.पी. बुनकर ने बताया कि पखवाडे के तहत इस बार समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन पर जोर रहेगा।

.....

पोषण पखवाडे के तहत प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। सवाईमाधोपुर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और पोषण युक्त आहार के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे है।

0000

प्रदेश की जीरे की पहली स्वदेशी वैरायटी 'जोधपुर जीरा–1' का केंद्रीय किस्म विमोचन समिति (सीएससी) ने दिल्ली में हुई बैठक में आधिकारिक मंजूरी दे दी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जोधपुर जीरा–1' का परीक्षण राजस्थान और गुजरात के 5 प्रमुख कृषि केंद्रों पर किया गया, जहां यह किस्म उपज, पौध विकास और शाखा संख्या में उत्कृष्ट साबित हुई। इसे जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने विकसित किया है। आगामी सीजन में किसान इस नई किस्म को अपने खेतों में बो सकेंगे।

....

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज हनुमानगढ़ जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा अधिकारियों के साथ जल संसाधन और ऊर्जा विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। हमारी संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री का किसानों और व्यापारियों के साथ संवाद करने का भी कार्यक्रम है।

.....

मुख्यमंत्री कल श्रीगंगानगर जिले में नई धानमण्डी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद का शुभारम्भ करेंगे। वे वहां किसानों और व्यापारियों के साथ संवाद करेंगे।

मुख्यमंत्री श्रीगंगानगर में ही शिवपुर हेड का जायजा लेंगे। इसके बाद वे जिले के सूरतगढ़ पहुंचकर सुपर थर्मल पावर स्टेशन का निरीक्षण कर विद्युत उत्पादन कार्यों का जायजा लेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री आज पंजाब में हरिके हेड का निरीक्षण करने के साथ ही मल्लेवाला हेड, बल्लेवाला हेड, बीकानेर केनाल, फिरोजपुर फीडर और इंदिरा गांधी नहर का हवाई निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे हरियाणा में लोहगढ़ हेड का भी निरीक्षण करेंगे। गौरतलब है कि राज्य बजट 2024–25 में इंदिरा गांधी मुख्य नहर के बेहतर संचालन के लिए 23 करोड़ रूपये की लागत से स्काडा सिस्टम विकसित करने की घोषणा हुई थी। वहीं फिरोजपुर फीडर के अन्तर्गत प्रदेश के हिस्से का पानी उपलब्ध कराने के लिए 200 करोड़ रूपये की लागत से कार्य करवाने की घोषणा भी की गई थी।

0000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत सीकर में श्री खाटू श्याम जी मंदिर में विकास कार्य जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिए है। कल जयपुर में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत खाटू श्याम जी मंदिर में विकास कार्य के लिए केंद्र सरकार की ओर से 87 करोड़ रुपये की स्वीकृति धार्मिक पर्यटन विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस सम्बन्ध में श्री खाटू श्याम जी में बैठक भी लेंगे। उपमुख्यमंत्री ने शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के लिए आवश्यक बैठक लेकर कार्य किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अल्बर्ट हॉल पर योजना अनुरूप नवीनीकरण के उत्कृष्ट कार्य करवाने को कहा।

0000

जयपुर में कल देर रात एक बेकाबू कार की टक्कर से एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य घायल हो गए। घायलों का एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में ईलाज चल रहा है। ये हादसा नाहरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित संतोष माता मंदिर के पास हुआ जहां कार चालक ने पहले स्कूटी और बाइक को टक्कर मारी, इसके बाद थाने के बाहर खड़ी कई गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया। इसके बाद वह वहां पर गिरे हुए लोगों को रौंदते हुए तेज रफ्तार में भाग निकला। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। हालात बिगड़ते देख प्रशासन ने नाहरगढ़ और आस–पास के क्षेत्रों में पुलिस फोर्स तैनात की है।

00000

झालावाड आज अपना 188 वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस मौके पर जिले में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इससे पहले कल पूर्व नरेश भवानी सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

.....

इधर बारां जिले के स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों का आज से आगाज हो गया है। इस मौके पर जिला प्रशासन की ओर से 10 अप्रैल तक कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज महिलाओं की प्रतियोगिता मिसेज बारां, मेहंदी, मांडना और रंगोली सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं शाम को मनिहारा महादेव मंदिर में दीपदान के साथ महाआरती होगी। जिले में सभी कार्यक्रम सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किए जा रहे है।

00000

करौली जिले के महावीर जी कस्बे में जैन धर्म के प्रसिद्ध तीर्थंकर भगवान महावीर का वार्षिक मेला शुरू हो गया है। इसके साथ ही वहां विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। देश भर के कई अन्य प्रांतो से जैन धर्मालंबियों का पंहुचना जारी है। 14 अप्रैल तक चलने वाले इस मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। मेले का मुख्य आकर्षण भगवान जिनेन्द्र की रथ यात्रा रहेगी।

00000

प्रदेश में तेज गर्मी के असर से विभिन्न स्थानों पर जनजीवन पर खासा असर पड रहा है। मौसम विभाग के अनुसार कल दस शहरों में पारा सामान्य से 6 डिग्री ऊपर रिकॉर्ड किया गया। बाडमेर और जैसलमेर में अधिकतम तापमान कल भी 45 डिग्री से अधिक रहा। राज्य के लगभग सभी स्थानों पर दिन का तापमान 42 से 45 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया जा रहा है। आगामी तीन–चार दिन मौसम शुष्क रहने और तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढोतरी की संभावना व्यक्त की गई है। बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा और जयपुर संभाग के अधिकांश क्षेत्रों में आज और कल हीटवेव का प्रबल असर रहने की संभावना है। वहीं जोधपुर, बीकानेर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं तेज हीटवेव चलने की आशंका है।

10–11 अप्रेल से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पश्चिमी और उत्तरी भागो में हल्की बारिश से तापमान में गिरावट आ सकती है।

00000